दिनांकः 08.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्र में नई सरकार के गठन के लिए मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किया आमंत्रित–शपथ ग्रहण समारोह कल शाम सवा सात बजे।
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस प्रशासन का जताया आभार।
- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल, बिजली कनेक्शन और शौचालयों के निर्माण के दिये निर्देश।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान में कमी–ज्यादातर स्थानों पर आज और कल बारिश के आसार, ओलावृष्टि की भी संभावना।

.....................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्र में नई सरकार के गठन के लिए मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा। श्री मोदी ने कल राष्ट्रपति से मुलाकात कर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में एनडीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की और एक पत्र सौंपा, जिसमें कहा गया था कि श्री मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता निर्वाचित किया गया है। एनडीए के घटक दलों की ओर से भी समर्थन पत्र राष्ट्रपति को सौंपा गया। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक मज़बूत, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने उन्हें मनोनीत प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। श्री मोदी ने कहा कि जल्द ही मंत्रिपरिषद की सूची राष्ट्रपति को सौंप दी जाएगी।

.....................

श्री मोदी ने कहा कि 18वीं लोकसभा नवीन और युवा ऊर्जा का स्रोत है। उनकी सरकार देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

.....................

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का तत्परता और सटीकता से निर्वहन करने के लिए सभी रिटर्निंग अधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सभी जिला मजिस्ट्रेटों, उपायुक्तों, रिटर्निंग अधिकारियों और जिला चुनाव अधिकारियों को पत्र लिखकर चुनाव प्रक्रिया के दौरान आने वाली चुनौतियों, प्रतिक्रियाओं और सफलता की कहानियों का दस्तावेजीकरण करने का आग्रह किया है। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को भी पत्र लिखकर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

.....................

ग्राहकों की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक ने ई–मैंडेट फ्रेमवर्क के तहत फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड–एनसीएमसी जैसी वॉलेट सुविधाओं को शामिल करने का प्रस्ताव दिया है। आरबीआई ऐसे भुगतानों के लिए एक स्वचालित पुनःपूर्ति सुविधा शुरू करने की योजना बना रहा है, जब वे ग्राहक द्वारा निर्धारित सीमा राशि से कम हो जाते हैं। आरबीआई ने कहा है कि वह ई–जनादेश ढांचे के तहत ग्राहक के खाते से वास्तविक डेबिट से कम से कम 24 घंटे पहले प्री–डेबिट अधिसूचना को हटा सकता है।

.....................

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने देश में जीएनएसएस–आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली विकसित करने और उसे लागू करने के लिए कंपनियों से वैश्विक अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की

है। प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को निर्बाध और बाधा मुक्त टोल देने के लिए मौजूदा फास्टैग तंत्र के भीतर जीएनएसएस–आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली को लागू करने की योजना बनाई है।

....................

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल और शौचालयों के निर्माण तथा प्राथमिकता से बिजली के कनेक्शन दिये जाने के निर्देश दिये हैं। श्री पंत कल जयपुर में महिला और बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभाग में व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को पोषाहार सप्लाई की मात्रा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। मुख्य सचिव ने ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत महिला कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन या टेबलेट देने की बात भी कही। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृवन्दना योजना और पीएम जनमन योजना की ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए।

....................

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं में विस्तार के लिए जरूरी कार्यों को आरएमआरएस की राशि का उचित उपयोग करते उसे तत्काल पूरा करने के निर्देश दिये हैं। श्रीमती सिंह कल अस्पताल में आयोजित आरएमआरएस की बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए तकनीक का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इसके लिए आईएचएमएस के सभी मोड्यूल चरणबद्ध रूप से लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में अस्पताल में माइक्रोबायोलॉजी और ओपीजी सहित अन्य जांचें बढ़ाने, विभिन्न विभागों में आवश्यक उपकरणों की खरीद करने सहित अन्य प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई।

....................

प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में कमी दर्ज की गयी है। इससे गर्मी और लू का असर कम हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा 44 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान धौलपुर में दर्ज किया गया। वहीं 24 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड हुआ। इस बीच, कल भी राज्य में कई स्थानों पर तेज आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। जैसलमेर के मोहनगढ, पोकरण और रामदेवरा क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बूंदी के आकोदा में कल शाम तेज बरसात हुई। नीम का थाना में आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। भीलवाडा में कहीं–कहीं तेज बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बालोतरा में भी देर रात हुई बूंदाबांदी से वातावरण में ठंडक घुल गयी है। यहां आज सुबह से बादल छाये हुए हैं और ठंडी हवाएं चल रही हैं। राजधानी जयपुर में आज सुबह से ही धूलभरी हवा का दौर जारी है। बाड़मेर में तेज आंधी और हल्की बारिश से तापमान में कमी आई है।

....................

कोटा में देर रात आए अंधड़ से कई घरों के टीन उड़ने और बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग ने आज और कल भरतपुर, जयपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं वर्षा की संभावना जतायी है। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान में तेज अधड़ के साथ कहीं–कहीं बारिश और ओलावृष्टि के भी आसार हैं।

....................

राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए जारी जन जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में कल जयपुर के सार्वजनिक पार्कों में पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी के साथ जवाहर नगर स्थित कच्ची बस्ती में कपडे के थैलों का वितरण किया गया और प्लास्टिक से बने उत्पादों का उपयोग न करने के सम्बन्ध में नुक्कड़ नाटक आयोजित किये गये। इसी क्रम में छोटे बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य निजी विद्यालयों में भी पर्यावरण जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस मौके पर वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ ही आमजन को वाहनों से होने वाले प्रदूषण के सम्बन्ध में भी जागरूक किया गया। चूरू में जिला प्रशासन और आयुर्वेद चिकित्सा विभाग द्वारा योग पूर्वाभ्यास शिविर लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया।

....................